Title: Requests the Hon'ble Home Minister to send task force, C.R.P.F. and B.S.F. to protect the farmers' land from the criminals in Khagadia and Naogchia District of Bihar.

श्री शकुनी चौधरी :महोदय, बिहार में खगड़िया जिले और नौगछिया जिले में नौ बड़ी-बड़ी नदियां गुजरती हैं। वहां दियारा बेल्ट है और दियारा बेल्ट में पूरी तरह सरकार का नहीं बल्कि अपराधी राज है। वहां सारी जमीन किसानों की अपराधी लोग जोतते हैं, वे ही फसल काटते हैं। मेरी सरकार से मांग है और भारत सरकार के गृह मंत्री से आग्रह है कि आप बिहार में खगड़िया और नौगछिया जिले में टास्क फोर्स, सीआरपी, बीएसएफ को भेज कर कम से कम वहां अपराधियों से मुक्ति दिलावें।